# तबादले की म्याद खत्म नहीं जारी हो पाई सूची

## जिला स्तर पर होने वाले तबादलों को लेकर उहापोह की स्थिति, प्रभारी मंत्री का रुख भी अस्पष्ट

नवभारत न्यूज

**सतना, 15 जून. राज्यसरकार द्वारा तय की गई तबादले की म्याद सोमवार की मध्यरात्रि को समाप्त होगी. इस दौरान तक जिला स्तर पर होने वाले तबादलों की कोई सूची सार्वजनिक नहीं की गई. हलांकि समाचार लिखे जाने के बाद रामनगर जनपद के 14 सचिवों के तबादले की सूची सीईओ के माध्यम से सार्वजनिक हुई.**

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कैबिनेट से अनुशंसा के बाद प्रदेश के अधिकारी कर्मचारियों के तबादले के संदर्भ में स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किए थे. हालकि जारी निर्देशों में तबादले के लिए प्रभारी मंत्री को केन्द्रीय भूमिका में रखा गया था. इसके बाद राजधानी स्तर पर ही प्रभारी मंत्री ने जिले के कोर ग्रुप की बैठक बुलाकर इस संदर्भ में सदस्यों की राय हासिल की थी.इसके बाद से ही ऐसा लगने लगा था कि जिले में तबादले को लेकर अधिकारी कर्मचारियों में जो वातावरण बन रहा है उसके अनुरूप काम नहीं हो पाएगा. क्योकि प्रभारी मंत्री कैलाश विजय वर्गीय ने स्पष्ट तौर पर यह कहा था कि उनके पास अनुमोदन के लिए वही नाम भेजे जाए जिन पर सभी की सहमति हो. वर्तमान परिस्थितियों में सभी की सहमति बन पाना सम्भव नहीं है. ऐसी स्थिति में फिलहाल यही माना जा रहा है कि जिले में बड़े पैमाने पर तबादले होना संभव नहीं है.

### रामनगर के 14 पंचायत सचिवों का तबादला

जिला पंचायत सतना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) द्वारा प्रशासनिक आधार पर रामनगर जनपद पंचायत के 14 पंचायत सचिवों के स्थानांतरण आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशों के पालन में संबंधित सचिवों को विभिन्न ग्राम पंचायतों में अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक पदस्थ किया गया है। स्थानांतरित सचिवों में धर्मदास प्रजापतिबसंतलाल साकेत, मथुरा प्रसाद पटेल, मिठाईलाल सेन, रामभगत बैस, श्रवण तिवारी, रजनीश त्रिपाठी, जयमान सिंह, ओंकार सिंह, अवधेश प्रसाद पटेल, लक्ष्मी विश्वकर्मा, पूनम द्विवेदी, प्रियंका पटेल और पुष्पेंद्र सिंह शामिल हैं। आदेश में निर्देश दिए गए हैं कि सभी संबंधित सचिव तीन दिवस के भीतर अपने वर्तमान पंचायत का प्रभार सौंपकर नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करें।

# खड़ी यात्री बस से 15 लाख के गहने चोरी

## सीसीटीवी में कैद हुए संदिग्ध, गढ़ थाना क्षेत्र का मामला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 जून, जिले के गढ़ थाना अन्तर्गत नेशनल हाइवे 30 में स्थित एक ढ़ाबे में सोमवार की सुबह खड़ी बस से चोरो ने बड़े सफाई से लाखों रूपये का सामान पार कर दिया. महज कुछ मिनटो के भीतर बस में घुसकर सीआरपीएफ जवान के लगभग 15 लाख रूपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी किये गये. मजे की बात यह है कि पूरा घटनाक्रम बस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई.**

जानकारी के अनुसार पीड़ित नमित कुमार सिंह जो केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में सिपाही पद पर पदस्थ हैं और मूलत: बिहार निवासी हैं, महाराष्ट्र के नागपुर से वाराणसी की ओर संजय ट्रेवल्स की यात्री बस क्रमांक एमएच 40 सीटी 0151 से सफर कर रहे थे. जवान अपनी पत्नी और बच्चों के साथ घर जा रहे थे. इसी दौरान सोमवार सुबह करीब 6 बजे गढ़ थाना क्षेत्र के पास हाईवे किनारे स्थित एक ढाबे पर बस रुकी, जहां अधिकांश यात्री फ्रेश होने के लिए नीचे उतर गए. पीड़ित जवान के मुताबिक वह अपनी पत्नी और बेटी के साथ बस से नीचे उतरे थे, जबकि उनका छोटा बच्चा सीट पर मौजूद था. इसी दौरान दो संदिग्ध युवक बस में घुसे और पहले अन्य सीटों व बैगों की तलाशी ली. बाद में जवान के पर्स और बैग को निशाना बनाते हुए उसमें रखे करीब 9 तोला सोने के जेवर एवं चांदी के अन्य आभूषण चोरी कर फरार हो गए. चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई जा रही है.

### बच्चे को बहलाकर वारदात को दिया अंजाम

पीड़ित जवान ने बताया कि चोरों ने बड़ी चालाकी से वारदात को अंजाम दिया. बस में मौजूद छोटे बच्चे को बातों में उलझाकर एसी बंद करने के लिए कहा गया, ताकि उसका ध्यान भटक जाए. इसी बीच आरोपी ने सीट के ऊपर रखे पर्स से कीमती गहने निकाल लिए और मौके से फरार हो गया. नकदी भी बैग में मौजूद थी, लेकिन चोरों ने केवल गहनों को निशाना बनाया. बस में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई है. फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि दो संदिग्ध बस के आसपास रेकी करते हैं, जबकि एक आरोपी बस के भीतर घुसकर बैगों की तलाशी लेता है. हालांकि आरोपियों ने कैमरे को प्रभावित करने का प्रयास भी किया, लेकिन उनकी तस्वीरें कैमरे में कैद हो गईं. अब पुलिस इन्हीं फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है.

### हाईवे पर बढ़ती चोरी की घटनाओं से सवाल

गौरतलब है कि मनगवां से कटरा तक नेशनल हाईवे मार्ग पर इस तरह की घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं. कभी खड़े वाहनों से डीजल चोरी तो कभी यात्री बसों में यात्रियों का सामान गायब होने की शिकायतें मिलती रही हैं. ऐसे में हाईवे किनारे ढाबों और बस स्टॉपिंग पॉइंट्स पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं. फिलहाल गढ़ थाना पुलिस ने पीड़ित जवान की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस को उम्मीद है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपियों तक पहुंचकर पूरे चोरी गिरोह का पर्दाफाश किया जा सकेगा.

# नीट (यूजीसी) परीक्षा के लिए वीडियो कान्फ्रेंस आज

**सतना 15 जून.** ागामी 21 जून 2026 को आयोजित होने वाली नीट (यूजीसी) 2026 परीक्षा आयोजित की जायेगी। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु अपर मुख्य सचिव म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक 16 जून को प्रात: 11.30 से दोपहर 12 बजे तक वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से एनआईसी सतना में आयोजित की गई है। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

# आरक्षक पत्नी ने रेंजर पति को महिला मित्र के साथ पकड़ा

## चोरहटा थाना में दर्ज हुआ मारपीट का मामला

नवभारत न्यूज

**सतना/रीवा, 15 जून. रीवा जिले के चोरहटा थाना क्षेत्र में एक वन परिक्षेत्र अधिकारी (रेंजर) और उनकी महिला मित्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने का मामला सामने आया है।**

जानकारी के अनुसार दोनों को एक होटल में आपत्तिजनक स्थिति में पाए जाने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है।सूत्रों के मुताबिक संबंधित रेंजर सतना जिले के बरौधा में पदस्थ हैं, जबकि उनकी पत्नी बरौंधा थाना क्षेत्र में कार्यरत हैं। बताया गया है कि सोमवार को वायरल हो रहे वीडियो में रीवा पायपास स्थित होटल में अचानक पत्नी ने पहुंचकर जब वहा रुके पति का दरबाजा खुलवाया तो वे किसी महिला मित्र के साथ मिले. बाद में जब पत्नी ने महिला मित्र को पकड़ने की कोशिश की तो पति ने मारपीट की. इस मामले की शिकायत रीवा जिले के चोरहटा थाना में दर्ज कराई गई है जिसकी पुष्टि नगर निरीक्षक पवन शुक्ला ने की.

उन्होंने बताया कि पत्नी की शिकायत पर मारपीट का मामला कायम किया गया है. मामले को लेकर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है और संबंधित पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। चोरहटा थाना पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। वायरल हो रहे वीडियो में महिला मित्र को हाइवे से गुजरने वाले ट्रक में सवार होकर जाते भी देखा जा सकता है.

# जिला के 14 आरक्षकों को मिली कार्यवाह पदोन्नति

## पुलिस अधीक्षक ने जारी किया आदेश

नवभारत न्यूज

**सतना 15 जून. जिले में पदस्थ 14 पुलिस आरक्षकों को कार्यवाह पदोन्नति देते हुए प्रधान आरक्षक बना दिया गया. इस संबंध में पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने सोमवार को आदेश जारी किए.**

जारी आदेश के अनुसार पात्रता एवं योग्यता के निर्धारण के लिए इकाई स्तर पर छटनी समिति गठित की गई. इसी कड़ी में कार्यवाह प्रभाव के लिए पात्रता की शर्तों के अनुसार उपयुक्तता संबंधी परीक्षण किया गया. जिसके बाद उप पुलिस महानिरीक्षक रीवा से अनुमोदन प्राप्त किया गया. अनुमोदन प्राप्त होने के बाद उपयुक्तता सूची प्रकाशित कर दी गई. जारी सूची के अनुसार जिन 14 आरक्षकों को कार्यवाह पदोन्नति का लाभ मिला है उनमें लाल सिंह 348, दिलीप कुमार 440, शिवेंद्र पाण्डेय 208, नंदलाल कोल 383, शुभम सिंह 253, धर्मेश कुमार 812, प्रशांत परौहा 77, धीरज तिवारी 231, रामनरेश बैगा 420, विष्णु प्रभाकर 265, सुभांश कुमार पटेल 183, दिनेश कुमार परस्ते 65, सुरेश कुमार मिश्रा 133 और देवेश तिवारी 367 सम्मिलित हैं.

# बहाली की मांग को लेकर कोलयार्ड के टॉवर पर चढ़ा युवक

## एक घंटे चला हाई वोल्टेज ड्रामा, आश्वासन के बाद नीचे उतरा युवक

नवभारत न्यूज

**सरई 15 जून। सरई थाना क्षेत्र अंतर्गत गजराबहरा कोलयार्ड में आज सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक नौकरी बहाली की मांग को लेकर कोलयार्ड के ऊंचे टावर पर चढ़ गया। युवक का आरोप था कि वह पहले कोलयार्ड के कंपनी में बतौर पीसी वाहन चालक के रूप में कार्यरत था, परंतु शराब पीने के चक्कर में कंपनी के द्वारा उसकी सेवा समाप्त कर दी गई थी। नौकरी वापस नहीं मिलने से नाराज होकर उसने यह कदम उठाया।**



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक संतोष साहू उम्र 32 वर्ष निवासी गजराबहरा टावर पर चढ़कर लगातार अपनी नौकरी बहाल करने की मांग करता रहा। घटना की जानकारी मिलते ही कोलयार्ड प्रबंधन के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। युवक का कहना था कि जब तक उसकी बात नहीं सुनी जाएगी, वह नीचे नहीं उतरेगा। इस दौरान कोलयार्ड परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं सूचना मिलते ही सरई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को समझाने का प्रयास शुरू किया।

पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने संयम बरतते हुए युवक से बातचीत की और उसे सुरक्षित नीचे उतरने के लिए राजी करने का प्रयास किया और देर शाम संविदा कंपनी में पुन: से नौकरी पर रखे जाने के लिए लिखित आश्वासन के बाद युवक टॉवर से नीचे उतरा।




# अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करते 407 ट्रिपर वाहन जब्त

## चालक को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सीधी, 15 जून. थाना बहरी पुलिस द्वारा अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक 407 टीपर वाहन जप्त किया गया है।**

पुलिस के अनुसार दिनांक 14 जून 2026 की रात्रि गश्त के दौरान थाना बहरी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भरुही स्थित गोपद नदी घाट से अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई। गोपद नदी घाट के समीप एक 407 अशोक लीलैण्ड टीपर वाहन क्रमांक यूपी 64 टी 6055 आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वाहन चालक ने नदी घाट से लाई गई रेत को मौके पर ही डंप कर दिया तथा भागने का प्रयास किया, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

पूंछताछ में चालक ने अपना नाम रितेश रजक 21 वर्ष निवासी ग्राम भरुही, थाना बहरी बताया। वाहन में परिवहन की जा रही रेत के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे जाने पर वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच में वाहन स्वामी आशीषधर द्विवेदी निवासी ग्राम भरुही, थाना बहरी होना पाया गया। प्रथम दृष्टया अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन का अपराध पाए जाने पर पुलिस द्वारा वाहन को जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 303(2), 317(5) बीएनएस एवं धारा 4/21 खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बहरी निरीक्षक राजेश पाण्डेय, सउनि अविनेश चौधरी एवं आरक्षक रजनीश द्विवेदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कार चालक 63 लीटर अवैध देशी शराब सहित गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सीधी, 15 जून. थाना बहरी पुलिस ने 63 लीटर अवैध देशी शराब सहित कार चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दिनांक 14-15 जून 2026 की रात्रि में थाना बहरी पुलिस की गश्ती टीम को ग्राम मयापुर क्षेत्र में भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक आल्टो कार में अवैध शराब लोड कर अमिलिया की ओर से सीधी ले जाई जा रही है।**

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सोन नदी पुल के पास घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन आल्टो कार क्रमांक एमपी 53 जेडए 6057 को रोककर जांच की। वाहन चालक से पूंछताछ करने पर उसने अपना नाम मिथुन सिंह बघेल 23 वर्ष निवासी ग्राम लकोड़ा, थाना कमर्जी, जिला सीधी बताया। वाहन की तलाशी लेने पर डिक्की में रखी 07 पेटियों में कुल 350 पाव (63 लीटर) अवैध देशी प्लेन शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 28 हजार रुपये है। आरोपी द्वारा शराब परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर पुलिस ने अवैध शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक दर्ज कर धारा 34(2) मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।




# प्रिंट रेट से 40 से 50 रुपए अधिक वसूलने का आरोप

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 जून। कर्थुआ बाजार में स्थित अंग्रेजी एवं देशी शराब दुकान पर सुरा प्रेमियों से शराब की बोतलों पर अंकित मूल्य एमआरपी से अधिक कीमत वसूले जाने के आरोप लग रहे हैं। वहीं दुकान परिसर में निर्धारित रेट सूची भी प्रदर्शित नहीं होने से उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ रही है।**




शराब खरीदने पहुंचे ग्राहकों का कहना है कि कई ब्रांड की शराब निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बेची जा रही है। जब उपभोक्ता अतिरिक्त राशि वसूले जाने का कारण पूछते हैं तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता। रेट सूची के अभाव में ग्राहकों को वास्तविक कीमत की जानकारी नहीं मिल पाती और उन्हें मजबूरन अधिक राशि चुकानी पड़ती है। शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर शराब बिक्री के स्पष्ट निर्देश हैं, इसके बावजूद मनमानी वसूली की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। आबकारी विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# जिले में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त पुलिस खुद सुरक्षित नहीं : ज्ञान सिंह

## मुख्यमंत्री व्यवस्था बनाने में विफल

नवभारत न्यूज

**सीधी, 15 जून. जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कमर्जी थाना क्षेत्र के ग्राम पटपरा में थाना प्रभारी पर हुए जानलेवा हमले की घटना को प्रदेश में बिगड़ती कानून-व्यवस्था का गंभीर उदाहरण बताते हुए प्रदेश सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर तीखा सवाल उठाया है।**



कांग्रेस कमेटी सीधी जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि जिस प्रदेश का मुख्यमंत्री स्वयं गृह विभाग का जिम्मा संभाल रहा हो, वहां यदि पुलिस अधिकारी ही अपराधियों के हमले का शिकार हो जाएं तो यह सरकार की विफलता का सबसे बड़ा प्रमाण है। कमर्जी थाना प्रभारी पर टांगी और हंसिए जैसे धारदार हथियारों से हमला किया जाना न केवल निंदनीय है, बल्कि यह दर्शाता है कि अपराधियों के मन से कानून का भय पूरी तरह समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि ग्राम पटपरा में शासकीय मार्ग को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। ग्रामीण लगातार राजस्व एवं प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायतें देते रहे, लेकिन समय पर कार्रवाई नहीं होने के कारण स्थिति बिगड़ती चली गई। प्रशासन की लापरवाही और निष्क्रियता ने ही इस विवाद को हिंसक रूप लेने का अवसर दिया। यदि समय रहते उचित कार्रवाई की जाती तो पुलिस अधिकारी पर हमला जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना नहीं होती।

ज्ञान सिंह ने आरोप लगाया कि सीधी जिले में कानून-व्यवस्था लगातार बदतर होती जा रही है। हत्या, लूट, बलात्कार, नशे का अवैध कारोबार, महिलाओं के खिलाफ अपराध तथा गुमशुदा बालक बालिकाओं के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। हाल ही में जिले में घटी बलात्कार की जघन्य घटना ने पूरे समाज को शर्मसार किया है, लेकिन अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में प्रशासन विफल साबित हो रहा है।उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न थानों में दर्ज गुमशुदा बालक बालिकाओं के अनेक मामलों का आज तक संतोषजनक निराकरण नहीं हो पाया है। दूसरी ओर गांजा, कोरेक्स, अवैध शराब और अन्य गैरकानूनी कारोबार खुलेआम फल-फूल रहे हैं। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि वे अब पुलिस पर भी हमले करने से नहीं डर रहे हैं। कुछ समय पूर्व अमिलिया थाना क्षेत्र में भी पुलिस पर हमला हुआ था और अब कमर्जी में हुई यह घटना साबित करती है कि जिले की कानून-व्यवस्था गंभीर संकट के दौर से गुजर रही है।

# नगरीय निकाय एवं पंचायतों की मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्यक्रम संशोधित

नवभारत न्यूज

**सतना 15 जून. राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के पूर्व में जारी कार्यक्रम में संशोधन किया गया है।**

अब प्रारूप मतदाता सूची में दावे-आपत्ति 25 जून तक लिये जायेंगे। दावे-आपत्तियों का निराकरण 2 जुलाई तक किया जायेगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई को किया जायेगा। पूर्व में जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जुलाई को होना था। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के लिये निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करना सुनिश्चित करें।

# सरकार गरीब, जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों के प्रति संवेदनशील है : सियादुलारी

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 15 जून। जनपद पंचायत चितरंगी के तत्वाधान में आज सोमवार को सामुदायिक भवन चितरंगी में खण्ड स्तरीय जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी मान सिंह सैयाम के निर्देशन में संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष सियादुलारी रही। विशिष्ट अतिथियों में जनपद उपाध्यक्ष कौशल प्रताप सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रभात




कुमार सिंह, जनपद सदस्य देवी प्रसाद बैस, प्रवेंद्र धर द्विवेदी तथा तहसीलदार नागेश्वर पनिका सहित विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख एवं अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर जनपद सीईओ मान सिंह सैयाम ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की हितग्राहीमूलक योजनाओं सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से जनकल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार गरीब, जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों के प्रति संवेदनशील है। जनकल्याण शिविरों के माध्यम से लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी तथा योजनाओं का लाभ उनके द्वार तक पहुंचाया जा सकेगा। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त कर आवेदन प्रस्तुत किए।

# जिला जेल बैढ़न में कैदियों के लिए योग शिविर आयोजित

## न्यायाधिपति विवेक रुसिया ने किया ऑनलाइन शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 जून। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आज सोमवार में जिला जेल बैढ़न में कैदियों के लिए एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया।**



इस शिविर का शुभारंभ म.प्र. उच्च न्यायालय के कार्यपालक मुख्य न्यायाधिपति विवेक रुसिया द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश खालिद मोहतरम अहमद द्वारा योग के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कैदियों से सदा स्वस्थ बने रहने के लिए अपने दैनिक जीवनचर्या में नियमित रूप से योग को शामिल करने की अपील की। शिविर के दौरान उपस्थित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवचरण पटेल ने बताया कि जेलों में नियमित योग और ध्यान करने से कैदियों के हिंसक स्वभाव में कमी आती है तथा उनका तनाव और मानसिक अवसाद दूर होता है। योग उन्हें आत्म-नियंत्रण और सकारात्मक सोच के जरिए एक बेहतर इंसान बनने और अपराध का रास्ता छोड़ने में मदद करता है। इसके साथ ही इससे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। कार्यक्रम में उपस्थित बंदियों को बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष आरडी पाण्डेय द्वारा विभिन्न प्रकार के योग, आसनों, प्राणायाम और सूर्य नमस्कार की जानकारी देते हुए उनका व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। इस योग शिविर कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश खालिद मोहतरम अहमद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवचरण पटेल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिंगरौली के सचिव मनोरम तिवारी, जेल अधीक्षक एलके त्रिपाठी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष आरडी पाण्डेय सहित अन्य मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99